पत्रांक :— 01 / स्था॰(सू॰अ॰)—09—03 / 2014 —

# झारखण्ड सरकार
## जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

दिनेश उपाध्याय,
सरकार के उप सचिव (प्र॰)।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता / अभियंता प्रमुख / अधीक्षण अभियंता
(सिंचाई एवं लघु सिंचाई सहित)
जल संसाधन विभाग, झारखण्ड रॉची।

**फैक्स स्मार**

रॉची, दिनांक :—

**विषयः—श्रीमती प्रभा सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रवादी महिला कांगेस, बरियातु हाउसिंग कॉलोनी, रॉची को सूचना अधिकार अधिनियम—2005 के तहत मुख्यालय में पदस्थापित सभी कार्यपालक अभियंता के समकक्ष से लेकर अभियंता प्रमुख तक का चल एवं अचल सम्पति का ब्यौरा उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंगः—श्रीमती प्रभा सिंह का पत्रांक—N.C.P./13/104 दिनांक 18.12.2013, विभागीय पत्रांक—666 दिनांक 24.01.2014

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि श्रीमती प्रभा सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस, बरियातु हाउसिंग कॉलोनी, रॉची द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम—2005 के तहत मुख्यालय में पदस्थापित वैसे सभी पदाधिकारी जो कार्यपालक अभियंता के समकक्ष से लेकर अभियंता प्रमुख तक है का चल अचल सम्पति का ब्यौरा उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

उक्त के संबंध में मुख्यालय में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता के समकक्ष से लेकर अभियंता प्रमुख तक के मंतव्य / सहमति से अवगत कराने का अनुरोध किया गया था जो अबतक विभाग में अप्राप्त है।

यह सूचना अधिकार से संबंधित मामला है। अतः इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन,

ह॰ / —

**( दिनेश उपाध्याय )**
सरकार के उप सचिव(प्र॰)।

ज्ञापांक :— रॉची, दिनांक :—

प्रतिलिपिः— अभियंता प्रमुख—01 एवं 02 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। कृपया इस संबंध में अपना मंतव्य उपलब्ध कराने की कृपा कर की जाय। सुलभ प्रसंग हेतु गै॰स॰प्रे॰सं॰—133 दिनांक 08.01.2014 की छायाप्रति (अनुलग्नक) संलग्न की जाती है।

ह॰ / —

**( दिनेश उपाध्याय )**
सरकार के उप सचिव(प्र॰)।

ज्ञापांक :— रॉची, दिनांक :—

प्रतिलिपिः— सभी कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड रॉची से अनुरोध है कि अपने मंतव्य / सहमति से यथाशीघ्र अवगत कराने की कृपा करें।

ह॰ / —

**( दिनेश उपाध्याय )**
सरकार के उप सचिव(प्र॰)।

ज्ञापांक :— 1832 रॉची, दिनांक :— 26-2-14

प्रतिलिपिः— श्री मनोज कुमार, अवर सचिव (प्र॰)—सह— जन सूचना पदाधिकारी / वेब इन्फारमेशन मैनेजर, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड रॉची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.2.14

**( दिनेश उपाध्याय )**
सरकार के उप सचिव(प्र॰)।

D:\PRAMOD-III\DY.SEC\DRAFT-14\Smt Prabha Singh 26-02-14.doc